सुन लेगी माँ पुकार बोल जय माता दी

दिल मे निश्चय धार बोल जय माता दी,
सुन लेगी माँ पुकार बोल जय माता दी,
दिल मे निश्चय धार बोल जय माता दी......

नाम की महिमा जग से न्यारी,
सारे जगं की सकंट हारी,
बिगडे काज सवाँर बोल जय माता दी,
दिल मे निश्चय धार बोल जय माता दी......

प्रेम भावना से जो ध्याये,
याद करो माँ दौड़ी आये,
सुखी वसे परिवार बोल जय माता दी,
दिल मे निश्चय धार बोल जय माता दी......

महिमा इसकी कही ना जाए,
ऋषि मुनीयो योगी गुण गाए,
भर देती भण्डार बोल जय माता दी,
दिल मे निश्चय धार बोल जय माता दी......

माँ चरणों मे सिर जो झुकाये,
माँ के नाम पर सब कुछ लुटाये,
होगी कभी ना हार बोल जय माता दी,
दिल मे निश्चय धार बोल जय माता दी......

जगदम्बे की छटा न्यारी,
अदभुत माँ की सिंह सवारी,
सब मिल के करो पुकार बोल जय माता दी,
दिल मे निश्चय धार बोल जय माता दी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31770/title/sun-legi-maa-pukar-bol-jai-mata-di

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |